# प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
# दिनांक– 11.06.2025

- **थाना छपार पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 अभियुक्त घायल सहित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 10.06.2025 की रात्रि को थाना छपार पर नियुक्त उ0नि0 श्री मशकूर अली मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 148/2025 धारा 305(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. कमल कुमार रेल्हन पुत्र मुकन्द लाल रेल्हन निवासी भीकम कालोनी बल्लभगढ़ थाना बल्लभगढ़ जनपद फरीदाबाद, हरियाणा(घायल) 2. सुमित पुत्र तिरसपाल निवासी राजीव नगर थाना बेगमपुर नई दिल्ली को रजवाहा पटरी से खडंजा मोड से घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 03 कैमरा, 04 कैमरा लैंस, 03 लेपटॉप विभिन्न कम्पनी के, 01 आई पैड, 01 पासपोर्ट, अन्य उपकरण(मैमोरी कार्ड बाक्स, की–बोर्ड, डाटा केबल, यूएसबी केबल, कैमरा बैटरी चार्जर, माउस, कम्प्यूटर हार्ड डिस्क आदि), 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 03 बैग व 01 मोटर साईकिल बिना नम्बर प्लेट बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना छपार पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2),317(1),109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम की वृद्धि की गयी।

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 10.06.2025 को प्र0नि0 श्री दिनेश चन्द्र थाना नई मण्डी मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 287/25 धारा 140(3),103(1),238,317(2)309(4)3(5) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. नमन जिंदल उर्फ रोहन पुत्र अनुज जिंदल निवासी गांधी नगर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर व 2. आतिश पुत्र रवि निवासी गांधी नगर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को मुखबिर की सूचना पर कूकडी पुलिया से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से मृतक की पीली धातु की अंगठी, चैन, स्कूटी व घटना में प्रयुक्त टाटा पंच कार नम्बर यूपी 12 बीएक्स 7341 बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा छिनैती की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 शातिर अभियुक्त को अवैध शस्त्र सहित किया गिरफ्तार–**

  दिनांक 11.06.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री अरूण कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 196/2025 धारा 304(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त सावेज पुत्र मुस्तकीम उर्फ पप्पू निवासी फात्मा मस्जिद के पास किदवईनगर थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से छिना गया 01 ओप्पो कम्पनी का मोबाईल फोन व 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस व धारा 3/25 आयुध अधिनियम की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 11.06.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री लोकेश कुमार गौतम मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 137/19 धारा 08/15 एनडीपीएस एक्ट में वारण्टी अभियुक्त शाहनजर पुत्र मौ0 अकरम निवासी 40 फुटा रोड दरोगा की कोठी खालापार थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 11.06.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री मनोज कुमार शर्मा मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 228/25 धारा 64(1),74,351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त जिशान पुत्र सिराजुद्दीन निवासी ग्राम भंगेला थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को मेला प्लाजा बन्द होटल खतौली से गिरफ्तार किया गया।